हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, शनिवार 18 मई 2024

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड


## खबर संक्षेप

### बाइक एक्सीडेंट में एक की मौत

**महासमुंद।** पटेवा थाना अंतर्गत ग्राम पचरी में बाइक के मवेशी से टकरा जाने से एक की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि ग्राम पचरी में बाइक क्र सीजी 06 जीवी 1688 के मवेशी से टकराने से वाहन चालक राम कुमार कृपाण निवासी बरेकेल कला की मौत हो गई। वहीं बाइक के पीछे बैठे भगवत सिंह को चोटें आई। पुलिस ने मामले में धारा 279, 337, 304 ए के तहत मामला पंजीबद्ध किया है।

### जमीन विवाद को लेकर बुजुर्ग से मारपीट

**महासमुंद।** सरायपाली थाना अंतर्गत ग्राम जंगलबेड़ा में जमीन विवाद को लेकर एक व्यक्ति से मारपीट की घटना सामने आई है। प्रार्थी मुरलीधर साहू पिता युधिष्ठिर साहू (70) ने बताया कि आरोपी सुभाष बंछोर और 3 अन्य लोगों ने मिलकर जमीन विवाद की बात को लेकर हाथ मुक्का, डंडा से मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 34 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### शराब की अवैध बिक्री, दो लोगों पर कार्रवाई

**महासमुंद।** सांकरा और पटेवा पुलिस ने शराब की अवैध बिक्री कर रहे दो लोगों पर कार्रवाई की। सांकरा पुलिस ने अमृतलाल चौहान पिता गोकुल चौहान (36) निवासी बारिकपाली तुकड़ा के कब्जे से 3000 एमएल महआ शराब कीमत 600 रुपए और पटेवा पुलिस ने आरोपी पूरन यादव पिता रामू यादव (48) निवासी श्यामनगर झलप के कब्जे से 3000 एमएल महुआ शराब कीमत 900 रुपए को जब्त कर आरोपियों के खिलाफ धारा 34 (1) क के तहत कार्रवाई की है।

### हथियार लहराने वाले युवक पर कार्रवाई

**महासमुंद।** पिथौरा पुलिस ने लहरौद चौक के पास हथियार लहराकर लोगों को डरा रहे युवक पर कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि आरोपी विक्की सिंग राजपूत पिता निर्मल सिंह (19) निवासी नवा तरिया के पास बेंदरी रोड उरला जिला रायपुर लोहे के कत्ता लेकर लोगों को डराते धमकाते हुए मिला। आरोपी के खिलाफ धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

### दो किलो गांजा जब्त

**महासमुंद।** सरायपाली पुलिस ने बस स्टैंड से तीन लोगों के पास से दो किलो गांजा जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी नवीनतांडी पिता सुखो तांडी (24) निवासी बैतारी के साथ दो अन्य लोगों के कब्जे से दो किलो गांजा कीमत 40000 रुपए को जब्त किया गया है। आरोपियों के खिलाफ धारा 20 बी नारकोटिक एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।


# सालों से खराब पड़े खेल उपकरणों की पालिका करा रही मरम्मत

## काफी दिनों से उपकरण हो गए थे क्षतिग्रस्त, लोगों को चोटिल होने का था खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर के उद्यानों में बच्चों के लिए स्थापित मनोरंजन के साधनों की मरम्मत की जा रही है। काफी दिनों से उपकरण क्षतिग्रस्त हो गए थे। इससे उद्यानों में आने वाले लोगों को चोटिल होने का खतरा बना रहता था। खासकर बच्चे उद्यानों में ज्यादा आते हैं, जिसे देखते हुए पालिका ने मरम्मत कार्य शुरू करवाया है। जल्द ही कार्य पूरा होने पर लोगों को राहत मिलेगी।

बता दें कि शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में 7 उद्यान हैं। सबसे बड़ा उद्यान संजय कानन शहर के सीमा से बाहर स्थित है, जिसका देखरेख व उद्यान का संरक्षण पालिका के पास ही है। इसलिए पालिका द्वारा आए दिन उद्यानों में विभिन्न कार्य कराए जाते हैं। काफी दिनों से कई पार्कों के उपकरण जर्जर व टूट-फूट गए थे। बच्चे उद्यान पहुंचते थे पर उन्हें कुछ ही साधनों में खेलने का मिल रहा था। झूले टूट गए थे, ऐसे में टूटे-फूटे उपकरणों के साथ बच्चों का खेलना खतरा साबित हो सकता है। उन्हें चोट भी लग सकती है, झूले क्योंकि लगभग सभी उपकरण लोहे फूटे की हैं। इसलिए पालिका ने इस पर का संज्ञान लेते हुए उसे सुधारने की है। प्रक्रिया शुरू कर दी है। नगर में पार्कों की कुल संख्या 7 है, जिनमें बागबाहरा रोड में स्थित संजय कानन सबसे बड़ा है। इसके बाद बीटीआई रोड में स्थित गुरु गोविंद सिंह उद्यान है। इसके अलावा मुख्य मार्ग में दो मोती उद्यान व नकुलदेव ढीढी उद्यान स्थित है। सिविल लाइन में किलकारी उद्यान है। वहीं शहर के दूसरे छोर में पटरी उस पार दो उद्यान एक नयापारा में संत रविदास उद्यान और अयोध्यानगर में कुशाभाऊ ठाकरे उद्यान स्थित है।



### उद्यानों में पहुंच रहे बच्चे

स्कूलों में गर्मियों की छुट्टी चल रही है। ऐसे में बच्चे शाम होते ही उद्यानों की ओर रूख करते हैं। उद्यान में स्थित विभिन्न मनोरंजन व खेलकूद के साधन बच्चों को आकर्षित करते हैं। वहीं अब उक्त की साधनों की मरम्मत होने के बाद बच्चों का उत्साह दोगुना हो जाएगा सीएमओ टॉमसन रात्रे ने बताया कि शहर के उद्यानों में स्थित मनोरंजन व खेलकूद के कुछ साधन टूट-फूट गए थे। पालिका द्वारा पहले उद्यानों का निरीक्षण किया गया। फिर जरुरत के हिसाब से उद्यानों में मरम्मत का कार्य करवाया जा रहा है। यह कार्य शहर के सभी उद्यानों में करवाया जा रहा है।



**रोष : व्यापारियों ने कहा-व्यवस्थापन के तहत मिली थी भूस्वामी हक में**

# अटल चौक से हटाया गया कब्जा, प्रशासन पर दबावपूर्ण कार्रवाई का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के भंवरपुर स्थित अटल चौक के पास की शासकीय जमीन में वर्षों पहले कब्जा कर बनाए गए बेजा निर्माण को शुक्रवार को राजस्व अफसरों और पुलिस की मौजूदगी में जमीदोंज किया गया।

नायब तहसलीदार की उपस्थिति में कब्जा हटाए जाने की कार्रवाई पर संदेह जताते हुए मुख्य मार्ग के व्यापारियों ने कहा है कि सराईपाली के किसी व्यापारी के इशारे पर यह कार्रवाई की जा रही है जो दुर्भावना पूर्ण है।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम भंवरपुर मे लगभग 20-30 साल से अटल चौक के पास की शासकीय जमीन पर कब्ज़ा कर कुछ लोगों ने पक्का-कच्चा मकान बना लिया था कुछ में व्यवसाय भी संचालित हो रहा था वहीं कुछ नए कब्ज़ाधारियों ने तो सड़क किनारे ही व्यवसाय करना शुरु कर दिया था। जिससे आवागमन बाधित हो रहा था। कई शिकायतों के बाद भंवरपुर उप तहसील नायब तहसीलदार कुर्रे और पुलिस बल की मौजूदगी में बेजा कब्जाधारियों को बेदखल किया गया। मामले में स्थानीय ग्रामीणों में चर्चा है कि आरा मिल मालिक के दबाव में प्रशासनिक अफसरों द्वारा कार्रवाई की गई है। दरअसल, अटल चौक मे सराईपाली के एक व्यापारी का आरामिल संचालित है। जो 100 साल की लीज मे मिली जमीन है।

सूत्रों की माने तो धनबल से घास जमीन को अपने नाम कर भू-स्वामी बन गया है और उस जमीन को आगे जा के बेचने की योजना है। ग्रामीणों का आरोप है पैसे का लेनदेन कर यह व्यक्ति शासकीय भूमि को बेचने के लिए सामने का कब्ज़ा हटवाया रहा है। कब्ज़ाधारियों की मांग है की चिन्हित सभी 53 कब्जों को शासन मुक्त करें और सामान कार्यवाही करें।



### व्यस्थापन के तहत दी गई थी जमीन, लीज पर नहीं

मृत्युंजय अग्रवाल ने बताया कि नुकसान मेरा भी हुआ है, दीवार मेरी भी तोड़ी गई है। और कब्जा हटाए जाने को लेकर लगाए जा रहे आरोप बेबुनियाद हैं क्योंकि उक्त जमीन भूस्वामी हक में व्यवस्थापन के तहत दी गई थी न कि लीज में। और उक्त भूमि का आटो डायवर्सन 1999 में हो चुका था और पटवारी रिकार्ड में अब भी कृषि भूमि दिखा रहा था। इसलिए इसे व्यपवर्तित दर्ज किए जाने हेतु मेरे द्वारा आवेदन दिया गया है। अतिक्रमण मामले में गांव वालों का आपसी विवाद है। और शिकायतकर्ता भी उनसे से ही हैं।

# निर्माणाधीन सरकारी भवन की ढह गई दीवार, महिला घायल

**मामले को छिपाने सरकारी की बजाय प्राइवेट अस्पताल में ले गए इलाज कराने, ठेकेदार और विभागीय अफसरों की लापरवाही उजागर**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर के समीपस्थ ग्राम बेलसोंडा में निर्माणाधीन एक सरकारी भवन की दिवार ढह जाने से महिला गंभीर रुप से घायल हो गई। मामले में यह बात सामने आई है कि मामले में ठेकेदार और संबंधित विभाग द्वारा लापरवाही बरती गई और इसे छिपाने महिला को सरकारी अस्पताल की बजाय शहर के एक निजी अस्पताल में ले जाया गया है।

उल्लेखनीय है कि निर्माणाधीन भवन के स्ट्रक्टर का कार्य पूरा हो गया है। वहीं ढलाई बची हुई है। जबकि मौके पर पहुंचने वाले इंजीनियरों द्वारा गुणवत्ता को लेकर कोई आपत्ति दर्ज नही कराई गई है। अन्यथा यह हादसा नही होता। बता दें कि वर्तमान में निर्माणी विभाग में टेबल में बैठकर ही रिपोर्ट तैयार की जा रही है। जिसका नतीजा यह निकला है कि आज उक्त भवन की दिवार गिर जाने से महिला गंभीर तौर पर घायल हो गई। बता दें कि महिला की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। निर्माणाधीन भवन के पास कोई सूचना फलक नही होने के कारण कोई नही बता पा रहा कि आखिर किस विभाग, किस मद या किस ठेकेदार द्वारा उक्त भवन का निर्माण कराया जा रहा है।

# बाइक पेड़ से टकराई, एक की मौत, दो लोग घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सागरपाली पेट्रोल पंप कुछ दूरी पर तेज व लापरवाही पूर्वक बाइक चला रहे युवक की एक्सीडेंट में मौत हो गई। वहीं उसके साथ बैठे दो लोगों को चोटें आई है। मामले को लेकर सरायपाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।



प्रार्थी ताराचंद उर्फ दारा रत्नाकर निवासी ग्राम सुखापाली ने सरायपाली पुलिस को बताया कि 14 मई की रात्रि गांव के साथी करन रत्नाकर द्वारा अपने मोटर सायकल प्लसर क्र सीजी 07 एआर 4972 में पेट्रोल भराने जाना है, कहकर मुझे एवं प्रकाश चौहान को सागरपाली पेट्रोल पंप चलने कहा। इसके बाद तब हम दोनों उसके साथ उसके मोटर सायकल में गये। वह शराब पिया हुआ था, जिस पर मैने उसे मोटर सायकल चलाने से मना किया, लेकिन वह नहीं माना और मैं ठीक हूं कहकर अपनी बाइक में बिठाकर मुझे एवं प्रकाश चौहान को सागरपाली ले गया। प्रार्थी ने बताया कि जब सागरपाली पेट्रोल पंप से पेट्रोल भराकर तीनों उसके मोटर सायकल से वापस घर सुखापाली आ रहे थे। इस दौरान बाइक को करन रत्नाकर चला रहा था, बीच में प्रकाश चौहान और उसके पीछे मैं बैठा था। जब सागरपाली पेट्रोल पंप से आगे पहुंचे ही थे कि करन रत्नाकर ने अपनी मोटर सायकल को तेज व लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए रोड किनारे लगे बबूल पेड़ से टकराकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे मोटर सायकल क्षतिग्रस्त हो गया। इस एक्सीडेंट होने से मुझे सिर, चेहरा, हाथ, सीना, कंधा, पैर में एवं प्रकाश के सिर, चेहरा, पैर, हाथ, पैर में चोटें आई। वहीं मोटर सायकल चालक करन रत्नाकर के सिर में एवं अन्य जगह में चोटें आई। इलाज हेतु शासकीय अस्पताल सरायपाली में भर्ती हुए थे। जहां इलाज दौरान करन रत्नाकर की मौत हो गई। पुलिस ने मामले में बाइक चालक के खिलाफ धारा 279, 304 ए, 337 के तहत अपराध दर्ज कर जांच विवेचना शुरू कर दी है।

# 13 हजार से अधिक किसानों ने लिया 61 करोड़ का ऋण

## जिले में खरीफ फसल के लिए इस बार 485 करोड़ रुपए का है लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में आगामी खरीफ फसल के लिए किसानों को ऋण देने की शुरुआत तकरीबन डेढ़ माह पहले ही हो चुकी है। खरीफ वर्ष के लिए इस बार 485 करोड़ रुपए की ऋण का लक्ष्य रखा गया है जिसमें से अब तक 13 हजार किसानों ने तकरीबन 61 करोड़ का ऋण ले लिया है।

बता दें कि रबी फसल के धान की कटाई और बिक्री में व्यस्त किसानों को छोड़ दें तो अब मानसून आने से पहले ही किसान आगामी खरीफ फसल की तैयारी में जुट गए हैं। फसल की तैयारियों में खाद, बीज और ऋण भी शामिल है जिसके लिए किसान लगातार जिला सहकारी बैंक में ऋण के लिए पहुंच रहे हैं ताकि खाद, बीज और रासायनिक दवा ले सकें। किसानों को समितियों से खाद, बीज भी मिलता है। किसानों से बिक्री उपज की राशि से ऋण की वसूली की जाती है। किसानों को शून्य ब्याज दर पर ऋण दिया जाता है। खरीफ वर्ष 2024-25 के लिए भी ऋण वितरण की प्रक्रिया प्रतिवर्ष की भांति अप्रैल माह में शुरू हुई है। यह प्रक्रिया सितंबर माह तक चलेगी।



इस बार खरीफ सीजन के लिए जिलेभर में कुल 485 करोड़ रुपए के ऋण वितरण का लक्ष्य रखा गया है। मिली जानकारी के अनुसार 16 मई तक जिले के 13 हजार 494 किसानों को करीब 61 करोड़ से अधिक का ऋण वितरण किया जा चुका है। अभी किसानों के पास सितंबर तक समय शेष है। जून से ऋण और खाद, बीज वितरण में और तेजी आएगी।

### खाद-बीज का भंडारण और वितरण भी प्रारंभ

जिला सहकारी बैंक से मिली जानकारी के अनुसार किसानों को ऋण वितरण के साथ ही खाद व बीज का भंडारण और उसका वितरण की शुरू हो गया है। किसानों को जिले की 130 समितियों के माध्यम से खाद-बीज वितरण किया जाता है। जिले में इस बार 46 हजार 150 क्विंटल बीज का लक्ष्य रखा गया है। 18 हजार क्विंटल बीज का भंडारण हो गया है जिसमें 550 क्विंटल का वितरण किया जा चुका है। इसी तरह 61 हजार 500 टन खाद भंडारण का लक्ष्य रखा गया है। जिसमें से 16 हजार 72 टन का भंडारण हो चुका है। किसानों को अब तक साढ़े 8 हजार टन का वितरण किया जा चुका है। जिसमें यूरिया 8086 टन, सुपर फास्ट 1864 टन, डीएपी 4721 टन, पोटाश 1019 टन और ईफको 383 टन शामिल है।

### हर साल बढ़ रही ऋण लेने वाले किसानों की संख्या

जिला सहकारी बैंक के नोडल अधिकारी गुणनिधि साहू ने बताया कि ऋण लेने वाले किसानों की संख्या हर साल बढ़ रही है। खरीफ वर्ष 2023-24 में जिले के 82509 किसानों ने 437 करोड़ का ऋण लिया था, जबकि लक्ष्य 423 करोड़ रुपए का था। लक्ष्य से 14 करोड़ ज्यादा ऋण वितरण किया गया था। इस बार 485 करोड़ का लक्ष्य है, संभावना है कि इस बार 500 करोड़ से अधिक का ऋण वितरण होगा।

**आज-कल हल्की बारिश, गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना**

# छाए रहे बादल, रविवार से मौसम खुलने के साथ बढ़ेगा तापमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

दक्षिण बिहार के ऊपर एक चक्रवात के विस्तार के कारण पिछले दो दिनों से बदली ने पड़ रही भीषण गर्मी के तेवर को लगभग खत्म कर दिया है। यह स्थिति अभी शनिवार तक बनी रहेगी। लेकिन, रविवार से मौसम साफ होने के साथ ही फिर एक बार अधिकतम तापमान में बढ़ोत्तरी की संभावना है। शुक्रवार को भी दिन भर जिला मुख्यालय सहित अंचल में बादल छाए रहे।

मौसम विभाग के मुताबिक एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण दक्षिण बिहार के उपर 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। जिससे प्रदेश के कई हिस्सों में बदली छाने और कहीं-कहीं पर हल्की बारिश अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ अंधड़ चलने तथा वज्रपात होने की संभावना जताई गई है, जिसका असर जिले में भी दिखाई दे रहा है। यहाँ बुधवार शाम से ही मौसम में बदलाव हुआ और गुरुवार व आज शुक्रवार को बादल छाए रहे। जिससे अधिकतम तापमान में भारी गिरावट देखी गई। गत मंगलवार तक अधिकतम तापमान 41-42 डिग्री सेल्सियस के आसपास था, जो आज 36 डिग्री सेल्सियस पर पहुँच गया है। जो सामान्य से दो डिग्री सेल्सियस नीचे है। इसी तरह न्यूनतम तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से 4 डिग्री सेल्सियस नीचे है। मौसम विभाग के मुताबिक शनिवार तक अधिकतम तापमान में कोई बड़ा परिवर्तन होने की संभावना नहीं है, लेकिन रविवार से मौसम साफ हो जाएगा और अधिकतम तापमान में वृद्धि होगी और सोमवार तक अधिकतम तापमान फिर से 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है।

बदली से गुरुवार से लोगों को जहाँ तेज धूप और भीषण गर्मी से राहत मिली है। वहीं अब बदली होने से उमसभरी बेचैनी ने लोगों को परेशान कर दिया है। पूरे दिन हवा ठीक से नहीं चल पाई। लोग घरों और दफ्तरों में पंखे, कूलर और एसी से राहत पाने की कोशिश कर रहे हैं।

### इस साल 106 प्रतिशत बारिश के आसार

मानसून को लेकर मौसम वैज्ञानिक एचपी चंद्रा ने बताया कि मानसून के जगदलपुर पहुंचने की सामान्य तिथि 13 जून है। रायपुर में 16 जून है और अंबिकापुर में 21 जून है। इस साल वर्षा 106 प्रतिशत होने की उम्मीद है।

इसका मतलब है कि सामान्य से इस वर्ष अधिक बारिश होने की संभावना है। इसका मुख्य कारण एलनीनो है वह इफेक्ट करता है। अलनीनो का प्रभाव कम हो गया है यानी न्यूट्रल कंडीशन पर है। जिससे इस साल अच्छे मानसून की संभावना है। अच्छी बारिश से किसानों को फसल उत्पादन में काफी मदद मिलेगी।


**पाठक सूचना**

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969

**आवश्यक सूचना**

हरिभूमि

पाठक पुरस्कार योजना

के सम्माननीय विजेताओं से आग्रह है कि अपना उपहार हरिभूमि कार्यालय महासमुंद में संपर्क कर प्राप्त कर लेवें।

उपहार प्राप्त करने अपने आधार कार्ड की फोटोकापी, मासिक बिल और पावती (ग्राहक प्रति), साथ में लावें।

उपहार प्राप्त करनें का समय सुबह 11 से शाम 5 बजे तक

स्थान : हरिभूमि जिला कार्यालय

प्रीतम प्राईडे काम्प्लेक्स, महासमुंद (छ.ग.)

मो. 9098324969

## खबर संक्षेप

### एकलव्य में 6वीं के लिए चयन परीक्षा 18 को

**दुगुकोंदल।** जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में शिक्षा सत्र 2024-25 के लिए कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा का आयोजन 18 मई शनिवार को प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक किया जाएगा। उक्त चयन परीक्षा के लिए विकासखंड दुगुकोंदल के अंतर्गत तीन परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिसमें 447 छात्र छात्राएं शामिल होंगे। प्राचार्य एकलव्य विद्यालय की बैजनाथ नरेटी ने बताया है कि शिक्षा सत्र 2024-25 की अंतर्गत प्रवेश परीक्षा 18 मई को प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई है, जिसमें विकासखंड दुर्गुकोंदल मुख्यालय में परीक्षा केंद्र आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय में 177 छात्र, कन्या माध्यमिक शाला में 70 एवं एकलव्य विद्यालय माध्यमिक शाला में 200 छात्र-छात्राए शामिल होंगे।

### घायल बच्ची की हुई मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** दुर्गुकोंदल थानांतर्गत खेड़ेगांव निवासी साढ़े 4 वर्षीय भूमिका नेताम पिता ललित का ईलाज के दौरान भानुप्रतापपुर के अस्पताल में मौत हो गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतिका सड़क दुर्घटना में घायल हो गई थी। ईलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया था, जिसका मौत हो गया। भानुप्रतापपुर थाना में शुन्य में मर्ग कायम कर मर्ग डायरी दुर्गुकोंदल थाना में पेश करने पर असल नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है।

### जहर सेवन से अधेड़ की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** सिकसोड़ थानांतर्गत सिकसोड़ निवासी 42 वर्षीय सुरेश प्रधान पिता बज्जूराम का ईलाज के दौरान भानुप्रतापपुर के निजी अस्पताल में ईलाज के दौरान 7 से 8 मई के बीच मौत हो गया। अस्पताल द्वारा अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक ने जहर खा लिया था। ईलाज के लिए अस्पताल में लाया गया जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### फर्जी अमेजन पे का ट्रांजेक्शन दिखा कर ठगी करने वाले दो युवक गिरफ्तार

**जगदलपुर।** पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा के नेतृत्व में बस्तर पुलिस द्वारा आपराधिक तत्वों के विरूद्ध लगातार कार्रवाई की जा रहा है। इसी तारतम्य में अमेजन पे का फर्जी ट्रांजेक्शन दिखा कर ऑनलाइन ठगी करने वाले दो युवकों को गिफ्तार करने में पुलिस को सफलता मिली है। ज्ञात हो कि 16 मई को प्रार्थी ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि आड़ावाल स्थित न्यू सुन्दर कलेक्शन कपड़ा दुकान में 3 लड़के कपड़े लेने आये और शूट, टी शर्ट, जूता खरीदा जिसका 15,800 रूपये का बिल हुआ। तीनों युवकों ने क्यूआर कोड को स्केन करके पेमेंट हो गया । कहकर मोबाइल से एक पेज दिखाया जिसमें अमेजन पे 15,000 रुपए न्यू सुन्दर कलेक्शन का नाम दिखा रहा था। लेकिन मोबाइल से संचालित फोन पे में किसी प्रकार का पैसा नहीं आया था। उसके बाद राठी एन्ड संस में भी कपड़ा खरीदी करके 19,500 :शेष पेज 12 पर रुपए की खरीदी कर क्यूआर कोड स्केन करके फर्जी पेज दिखाकर कुल 35,300 रूपये की ठगी किया गया।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के पीए तुलसी कौशिक ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए

# आरएसएस के वरिष्ठ प्रचारक पांडुरंग शंकरराव मोघे को हजारों लोगों ने दी श्रद्धांजलि, रूद्रेश्वर घाट में हुआ अंतिम संस्कार





हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक पांडुरंग शंकरराव मोघे 94 वर्ष का गुरूवार 16 मई की रात्रि 9.30 बजे रायपुर के वीवाय हॉस्पिटल में स्वर्गवास हो गया। श्री मोघे कुछ वर्षों से अस्वस्थ थे। उनका उपचार रायपुर में चल रहा था। उनका पार्थिव शरीर 17 मई शुक्रवार को सुबह 8 बजे जागृति मंडल संघ कार्यालय रायपुर में दर्शनार्थ रखा गया था। उसके बाद उनका पार्थिव शरीर धमतरी लाया गया। अंतिम दर्शन श्रद्धांजलि सभा का आयोजन दोपहर 12 बजे रखा गया। दोपहर 1 बजे अंतिम संस्कार के लिए रूद्री घाट प्रस्थान किया गया जहां अंत्येष्टि की गई। इस अवसर पर रायपुर, भिलाई, दुर्ग, जगदलपुर, कांकेर धमतरी सहित विभिन्न स्थानों से आए हजारों शुभचिंतकों ने स्व. श्री मोघे को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। बता दें कि श्री मोघे मूलतः महाराष्ट्र के निवासी थे। उनका ज्यादातर जीवन छत्तीसगढ़ एवं अविभाजित मप्र राज्य में बीता। वे जीवनभर संघ के प्रचारक रहे। उनका धमतरी की जनता से बेहद लगाव था इसलिए उन्होंने अंतिम क्षण में धमतरी में ही अंत्येष्टि करने की बात जाहिर की थी। उनके आखिरी शब्द को ध्यान में रखकर उनके शुभचिंतकों ने अंतिम संस्कार धमतरी रूद्री घाट में किया।

#### जीवन परिचय एक नजर में

वरिष्ठ प्रचारक श्री मोघे का जन्म 11 मई 1931 को महाराष्ट्र में हुआ था। श्री मोघे जगदलपुर बस्तर में जीविकोपार्जन के लिए आए थे। 1963 में संघ के प्रचारक बने। धमतरी, दमोह जैसे विभिन्न जिलों के प्रचारक के रूप में उन्होंने स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन किया। 1975 में आपातकाल के समय सागर में सत्याग्रह करते हुए जेल गए थे। फिर वापस धमतरी जिला आए। रायपुर में संघ कार्यालय के निर्माण के समय उन्हें रायपुर बुलाया गया। रायपुर में 1988 तक रहे। विगत कुछ वर्षों से अस्वस्थता के चलते वे वीवाय हॉस्पिटल में भर्ती हुए जहां उनका निधन हो गया।

श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए गणमान्य नागरिकों ने कहा कि श्री मोघे जीवन के अंतिम क्षण तक मां भारती की सेवा में समर्पित रहे। वे संघ के ऐसे प्रचारक थे, जिन्होंने सहज, साधारण शब्दों में स्वयंसेवकों का बौद्धिक मार्गदर्शन किया। व्यवहारिक बातों की जानकारी उदाहरणों के साथ स्पष्ट करते थे। उनका स्नेहिल मार्गदर्शन स्वयंसेवकों ने अनुभव किया। वे हमेशा राष्ट्र के प्रति समर्पित रहे। जीवनभर निःस्वार्थ भाव से मां भारती की सेवा की। सांस्कृतिक और राष्ट्रीय विचारों से सशक्त वैभवशाली राष्ट्र के निर्माण में उन्होंने अथक कार्य किया।

श्रद्धांजलि सभा व अंत्येष्टि कार्यक्रम में सहप्रांत प्रचारक नारायण नामदेव, जिला संघचालक श्याम अग्रवाल, नगर संघचालक रामखन गजेन्द्र, डॉ. देवनारायण साहू, अवधेश दुबे, ठाकुर राम, पूर्व विधायक इंदर चोपड़ा, रोहिताश मिश्रा, डीपेन्द्र साहू, महेन्द्र पंडित, प्रताप राव कृदत्त, विनोदराव रणसिंह, मनोज कश्यप, घनश्याम साहू, बेदूप्रकाश, गीता ठाकुर, रामचन्द्र देवांगन, बीथिका विश्वस, शिरोमणि राव घोरपड़े, कुमार रणसिंह, लक्ष्मण राव मगर, माधव पवार, मनो पवार, बलवंत शिंदे, बलवंत राव, सूर्या पवार, खूबलाल ध्रुव, मोहन साहू, कोमल सार्वा, दिनेश पटवा, दिनेश नामदेव, राजू सोनकर, गौरव मगर, विजय ठाकुर, रामजी साहू, हरवंश साहू, धनेश्वर राम, जितेन्द्र चन्द्राकर, दुर्गेश कुमार, कमलेश, नोहर साहू, तोषण साहू, योगेश गांधी, जिला प्रचार प्रमुख नीलेश राजा, राजबहादुर राणा, रूपनारायण मिश्रा, अंजना रणसिंह, ज्योति रणसिंह, चेतना रणसिंह, कल्पना रणसिंह, संगीता जगताप, नीतू पवार, दुर्गा रणसिंह सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने शामिल होकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। यह जानकारी नगर प्रचार प्रमुख उमेश सिंह बशिष्ट ने दी है।

## चॉकलेट का लालच देकर 5 साल के मासूम का अपहरण

हरिभूमि न्यूज:महासमुंद




पिथौरा के ग्राम गोड़बहाल से अगवा किए गए 5 साल के मासूम को दो घंटे के भीतर ढूंढ निकालने के साथ ही पुलिस ने 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी चॉकलेट दिलाने के बहाने बच्चे को अपने साथ ले गए थे। बच्चे और दोनों आरोपियों को पुलिस ने महासमुंद जिले के पटेवा थाना क्षेत्र के ग्राम कछारडीह से बरामद किया है। पिथौरा थाना प्रभारी राजेंद्र राजपूत ने बच्चे के अपहरण की पुष्टि करते हुए बताया कि गोंड़बहाल रहने वाले पीड़ति धनसिंह यादव ने अपने 5 वर्षीय पुत्र कनिष्क के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसके बाद बच्चे की तलाश के लिए पुलिस की 4 टीमें लगाई गई थी। आरोपी बच्चे को चॉकलेट खिलाने का बहाना कर अपने साथ ले गए थे।

पिथौरा एसडीओपी प्रेम साहु बताया कि अपहृत बच्चा मिल गया है। पीड़ति पिता की शिकायत के दो घंटे के भीतर हमारी टीम द्वारा बच्चे को महासमुंद जिले के पटेवा थाना क्षेत्र के ग्राम कछारडीह गांव से बरामद कर लिया गया। इस मामले में पुलिस 2 लोगो को हिरासत मे लेकर पुछताछ कर रही है। पूछताछ के बाद जल्द ही इस बात का खुलासा किया जाएगा कि आखिर उन्होंने अपहरण क्यों किया था।

## पति-पत्नी के साथ तीन लोगों ने की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

बच्चे के साथ मारपीट की जानकारी लेने पहुंचे महिला और उसके पति के साथ तीन लोगों ने हाथापाई करते हुए जान से मारने की धमकी दी। महासमुंद थाना क्षेत्र के ग्राम चोरभट्ठी के इस मामले की रिपोर्ट के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। प्रार्थिया धनेश्वरी साहू पति ओमराज साहू निवासी वार्ड नं. 11 साहड़ा चौक चोरभट्ठी ने बताया कि रोजी मजदूरी का काम करती है। वह अपने पति ओमराज साहू के साथ कामकाज के सिलसिले में बाहर गई हुई थी। शाम करीब 07.30 बजे घर चोरभट्ठी पहुंचने पर बच्चे ने बताया कि 15 मई की दोपहर करीब 1 बजे मैं दो अन्य बच्चों के साथ नहर में नहाने गया था। तभी वहां पर डोमार साहू के लड़के के साथ विवाद हुआ। फिर नहाने के बाद घर आए तो महादेव साहू ने घर आकर मेरे बेटे को झापड़ मार दिया। प्रार्थिया ने बताया कि जब मैने और मेरे पति ओमराज साहू ने महादेव साहू के घर जाकर पूछा कि क्यों मेरे बच्चों को मारपीट किए हो, तो वहां पर उपस्थित डोमार साहू, महादेव साहू, तिजीया बाई साहू ने एक राय होकर कौन तेरे बेटे को मारा है कहते हुए हम लोगों से गाली गलौज करते हुए व जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट की। मारपीट में प्रार्थी के बांये हाथ की छोटी उंगली, दाहिने पैर के अंगूठे के पास चोट आई है, वहीं मेरे पति ओमराज साहू के सीने, गले में चोट खरोच आई है। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 34, 506 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

## पर्यावरण के संरक्षण व प्लास्टिक के दुरूपयोग से छात्र हुए अवगत

- तहसील साहू समाज ने महिमासागर वार्ड में बच्चों के लिए आयोजित किया समर कैंप

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी




तहसील साहू समाज शहर धमतरी के सातों परिक्षेत्र में नियमित रूप से समर कैंप आयोजित है। इसी तारतम्य में दानीटोला परिक्षेत्र के दानीटोला वार्ड-महिमासागर वार्ड स्थित सामाजिक भवन में साहू समाज एवं दीगर समाज के बच्चों के लिए समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। समर कैंप के आयोजन के बारे में पालकों से फीडबैक भी लिया गया। उन्होंने कार्यक्रम की सराहना की। सामान्य ज्ञान की जानकारी देने के बाद पेंटर अवधेश साहू ने पेंटिंग की विभिन्न विधाओं से बच्चों को अवगत कराया। कक्षा पहली से लेकर कक्षा आठवीं तक के बच्चों को आयु वर्ग एवं कक्षा के हिसाब से विभिन्न समूह में बिठाया गया। सभी बच्चों को ए4 साइज एवं कलर पेंसिल वितरित कर चित्र बनाने हेतु प्रेरित किया गया। सभी बच्चों ने सुंदर एवं आकर्षक चित्र बनाया।

समर कैंप में बच्चों को प्रेरित करते हुए गतिविधि आधारित खेल एवं गीत कहानियों के माध्यम से संस्कार से भी अवगत कराया जा रहा है। समर कैंप 22 मई तक संचालित किया जाएगा। कृषि विस्तार अधिकारी बीआर साहू ने बच्चों को पर्यावरण के संरक्षण की जानकारी देते प्लास्टिक के दुरूपयोग एवं होने वाले नुकसान से अवगत कराया व गणित आधारित पहाड़ा निर्माण के कौशल की जानकारी दी गई। मौके पर तहसील साहू समाज शहर धमतरी अध्यक्ष रोहित साहू, सचिव रामकुमार साहू, अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के संयोजक किशन लाल साहू, परिक्षेत्र अध्यक्ष मदन साहू, परिक्षेत्र संयोजक गोपेश कुमार साहू, परिक्षेत्र उपाध्यक्ष रंजना साहू, विमल साहू, वार्ड अध्यक्ष कोमल साहू, कोषाध्यक्ष चोवाराम साहू, सहसचिव हरीश साहू डॉक्टर उमाशंकर साहू, प्रिंस साहू उपस्थित थे।

## लक्ष्य प्राप्ति के लिए जिद एवं जुनून जरूरी

- परिक्षेत्र साहू संघ झिरिया धमतरी में आयोजित हुआ शैक्षणिक मार्गदर्शन

### राकेश झंवर ने देवपुर में छात्रों को मोटिवेट किया

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



परिक्षेत्र साहू संघ झिरिया धमतरी के मार्गदर्शन में शासकीय हाईस्कूल देवपुर में आयोजित निःशुल्क कोचिंग क्लास एवं शैक्षणिक मार्गदर्शन कार्यक्रम के 15वें दिन नेशनल मोटिवेटर राकेश झंवर ने मार्गदर्शन दिया। उन्होंने छात्रों को अपने भविष्य के प्रति सजग व सक्रिय रहकर लक्ष्य निर्धारित करने को कहा।

विद्यार्थियों को अपने रुचि अनुसार लक्ष्य प्राप्त करने के लिए अभी से तैयारी जिद एवं जुनून के साथ करना चाहिए। इससे लक्ष्य प्राप्त करने में आसानी होती है। छात्रों को डॉक्टर बनने के लिए 12वीं के बाद नीट की परीक्षा के बाद एमबीबीएस की पढ़ाई एवं आईपीएस अधिकारी बनने के लिए स्नातक डिग्री के पीएससी एवं यूपीएससी की परीक्षा पास करनी होगी। शिक्षक पद के लिए मास्टर डिग्री के बाद बीएड एवं डीएड जरूरी है।

मौके पर जिला साहू संघ अध्यक्ष अवनेंद्र साहू, परिक्षेत्र अध्यक्ष डेरहूराम साहू, संरक्षक बिसहतराम साहू, डॉ. रामेश्वर साहू, मिनेश साहू सहसचिव, काशीराम कोषाध्यक्ष, खोवाराम पटवारी, शिक्षक एमएन साहू, दूजेंद्र कुमार साहू, खेमलाल साहू, निखिल कुमार साहू, मनोहर लाल साहू, समाजसेवक राजू साहू उपस्थित थे।

### ईमानदारी सुकून देती है

**धमतरी।** प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय धमतरी द्वारा संस्कार समर कैंप का शुभारम्भ किया गया। अतिथि लक्ष्मणराव मगर बीईओ, वामनराव साहू इंजीनियर विद्युत विभाग, राजयोगिनी सरिता दीदी, कामिनी कौशिक, पार्वती वाधवानी, सुषमा नंदा थे। इस अवसर पर श्री मगर ने कहा कि संस्कार समर कैंप में बच्चों के अन्दर संस्कार रोपित करने का बड़ा कार्य किया जा रहा है।

## औद्योगिक इकाईयों के पंजीयन के लिए रोस्टर निर्धारित

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सूक्ष्म एवं औद्योगिक इकाईयों को केन्द्रीय भू-जल बोर्ड से अनापत्ति प्रमाण प्राप्त करना अनिवार्य है। कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देश पर पोर्टल में ऑनलाईन आवेदन करने के लिए कलेक्टोरेट के कक्ष क्रमांक 66 में स्थित जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र में सहायता केन्द्र (हेल्प डेस्क) की स्थापना कर अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। धमतरी और नगरी विकासखण्ड के लिए प्रबंधक प्रशांत चन्द्राकर और कुरूद एवं मगरलोड विकासखण्ड के लिए प्रबंधक डीपी साहू की ड्यूटी लगाई गई है। आवेदन के लिए निर्धारित प्रारूप में शपथ पत्र, इकाई का पेन कार्ड, इकाई का उद्यम पंजीयन या उत्पादन प्रमाण पत्र, इकाई का ईमेल आईडी, शेड भवन का आकार, मोबाइल नंबर और इकाई का सील इत्यादि दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा। इकाईयों के पंजीयन के लिए रोस्टर निर्धारित किया गया है। इसके तहत धमतरी विकासखण्ड की सभी अरवा राइस मिल के लिए 21 मई, कुरूद, नगरी, मगरलोड विकासखण्ड की सभी अरवा राइस मिल के लिए 22 मई, नगरी और मगरलोड की सभी उसना राइस मिल सहित कोल्ड स्टोरेज इकाईयां, फ्लाई एश ब्रिक्स के लिए 28 मई तथा शेष एवं अन्य औद्योगिक इकाईयों के पंजीयन के लिए 29 एवं 30 मई की तिथि निर्धारित की गई है।

परशुराम जन्मोत्सव पर सर्व ब्राम्हण समाज की शोभायात्रा रायपुर व दुर्ग में निकली

# नयनाभिराम झांकियों ने लोगों का मन मोहा

### आयोजन में धमतरी जिले से अनेक विप्रजन हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा प्रतिवर्ष पूरे देश व प्रदेश में भगवान परशुराम जन्मोत्सव को बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। इस वर्ष प्रांतीय बैठक में निर्णय लिया गया था कि प्रदेशस्तरीय शोभायात्रा रायपुर व दुर्ग में निकाली जायेगी। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में विप्रजन शामिल हुए साथ ही भगवान परशुराम, भगवान शंकर और छत्तीसगढ़ महतारी की नयनाभिराम झांकी लोगों को मंत्रमुग्ध कर रही थीं।

विशेष साज सज्जा के साथ आतिशबाजी कर समाज ने अपने आराध्य भगवान परशुराम के जन्मोत्सव की खुशी व्यक्त की। ब्रह्म सभा को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा ने बताया कि लगातार सर्व ब्राम्हण समाज पूरे देश में विप्रजनों को एक सूत्र में पिरोकर अनेक रचनात्मक कार्य कर रहा है।

उत्तरप्रदेश, बिहार, झारखंड, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ में संगठन सक्रियता के साथ कार्य कर रहा है वही अन्य प्रदेशों में भी गठन की प्रक्रिया अनवरत जारी है। पूर्व केबिनेट मंत्री व विधायक अरुण वोरा ने सर्व ब्राम्हण समाज द्वारा किये जा रहे कार्यों को सराहनीय बताया। सभा को राष्ट्रीय महासचिव शशिकांत तिवारी, राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष युवा मंच विक्रांत शर्मा, राष्ट्रीय प्रवक्ता व शोसल मीडिया प्रभारी पीयूष पाण्डेय एवं अन्य अतिथियों ने सम्बोधित किया। शोभायात्रा में धमतरी जिलाध्यक्ष युवराज शर्मा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। मौके पर प्रमुख रूप से प्रदेश सचिव सुभाष शर्मा, जिला उपाध्यक्ष हरिशंकर दीवान, उपाध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा, छत्रमल बरनेला, हर्षवर्धन पाण्डेय, नीरज शर्मा, ऋतुराज शर्मा समेत बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद थे।




## सीएम की पत्नी ने कुरुद पहुंच सुनी गौरीशंकर शिवमहापुराण की कथा

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



कुरुद-राजिम रोड के पास वृद्धि विहार में आयोजित गौरीशंकर शिवमहापुराण की कथा सुनने दूसरे दिन प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या देवी साय कुरुद पहुंची। उन्होंने कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा से छत्तीसगढ़ के विकास के लिए आशीर्वाद मांगा। इस दौरान कथावाचक ने श्रीमती साय की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे भी शिव की बड़ी भक्त हैं जिन्होंने कापियों के पन्नों में श्री शिवाय नम्हस्तुभ्यम लिखकर रखी हैं। ऐसी बहुत सी कापियां उन्होंने रखी हैं। श्रीमती साय ने कहा कि वे औरों की तरह ही आज भगवान शिव का कथा श्रवण करने आई है। भगवान शिव से उन्होंने जो भी मांगा, मिला है। उन्होंने छत्तीसगढ़ के विकास का भरोसा दिलाते हुए नए प्रदेश की नई सरकार द्वारा सोपान गढ़ने की बात कही है। इस अवसर पर विधायक अजय चंद्राकर, पूर्व विधायक रंजना साहू, ज्योति भानु चन्द्राकर, रविकांत चन्द्राकर आदि उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### प्रमुख सचिव बोरा ने किया प्रयास आवासीय विद्यालय का निरीक्षण

**रायपुर।** आदिम जाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने गुरुवार सुबह सड्डू स्थित प्रयास आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया। जहां वे विद्यालय में जेईई, आईआईटी सहित प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों से रूबरू हुए। प्रमुख सचिव श्री बोरा ने प्रयास आवासीय विद्यालय का निरीक्षण के दौरान अधिकारियों से कहा कि शासन प्रशासन की मंशा अनुरूप आदिम जाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा तथा कमजोर वर्ग के बच्चों के लिए फाइव स्टार होटलों की तरह सुविधाएं उपलब्ध हों। उन्होंने यहां हॉस्टल के किचन का निरीक्षण कर बच्चों के लिए भोजन व्यवस्था में सुधार लाने के निर्देश दिए।

### आकाश हिमाचल प्रदेश के पछाड़ विधानसभा आब्जर्वर

**रायपुर।** नगर निगम के एमआईसी सदस्य पार्षद आकाश तिवारी को



शिमला लोकसभा के पछाड़ विधानसभा का ऑब्जर्वर बनाया गया है। एआईसीसी से जारी आदेश में हिमाचल प्रदेश के प्रभारी राजीव शुक्ला ने यह आदेश जारी किया है। श्री तिवारी ने शीर्ष नेतृत्व का इस बड़ी जिम्मेदारी और भरोसे के लिए आभार प्रकट किया है।

### रायबरेली में पूर्व मंत्री उमेश ने किया प्रचार



**रायपुर।** रायबरेली के कांग्रेस प्रत्याशी राहुल गांधी के समर्थन में पूर्व मंत्री खरसिया विधायक उमेश पटेल प्रचार के लिए पहुंचे। उन्होंने गुरुवार को रायबरेली के चुनाव अभियान में भाग लिया। रायबरेली में इससे पूर्व विधायक देवेंद्र यादव भी पहुंचे। उन्होंने भी कुछ विधानसभा क्षेत्र में प्रचार संभाला। यहां पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सीनियर ऑब्जर्वर बनाए गए हैं। वे छत्तीसगढ़ के नेताओं के साथ चुनाव प्रचार को गति देने में लगे हुए हैं। राज्य के कई कांग्रेस नेता यहां पर प्रचार के लिए पहुंचे हैं, वे प्रचार के अंतिम दिन 18 मई के बाद वहां से लौटेंगे।

### जुलाई से लागू होंगे नए आपराधिक कानून

**रायपुर।** नवीन आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए इन्हें लागू किए जाने के पूर्व पुलिस विभाग के विवेचक अधिकारियों को इसका प्रशिक्षण दिया जाएगा। पुलिस विभाग के विभिन्न स्तर के पुलिसकर्मियों को नवीन कानूनों का प्रशिक्षण प्रदान किए जाने हेतु पुलिस विभाग द्वारा हिदायतुल्लाह राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय से समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर किया गया है। भारत सरकार द्वारा विगत दिनों तीन नवीन आपराधिक कानूनों का प्रकाशन राजपत्र में किया गया है। उक्त तीनों नवीन कानूनों को आगामी 1 जुलाई से लागू किया जाना है।

# पिछले चुनाव में जमानत राशि से 5 लाख हुई थी कमाई, इस बार 7 लाख से ज्यादा की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोकसभा लोकसभा सीट चुनाव के लिए प्रत्याशियों ने नामांकन फार्म के साथ जमा की जमानत राशि से इस बार भी प्रशासन को जमकर कमाई हो सकती है। इस सीट के लिए इस बार 38 प्रत्याशियों ने चुनाव लड़ा है, जिसका परिणाम 4 मई को मतगणना के दिन आएगा। पिछले लोकसभा चुनाव में 25 प्रत्याशी मैदान पर थे, जिनमें से निर्वाचित भाजपा प्रत्याशी के अलावा हारे प्रत्याशियों में सिर्फ कांग्रेस प्रत्याशी ही अपनी जमानत राशि बचा पाने में कामयाब हुए थे। शेष 23 प्रत्याशियों की जमानत राशि जब्त हो गई थी, जिससे प्रशासन को करीब पांच लाख रुपये की कमाई हुई थी। चुनाव के परिणाम पिछली बार की तरह अगर इस बार भी आते हैं, तो प्रशासन से इससे मोटी कमाई होगी, क्योंकि इस बार 38 प्रत्याशियों ने चुनाव लड़ा है। ऐसे में अगर 36 प्रत्याशी अपनी जमानत बचा पाने में असफल होते हैं, तो प्रशासन को 7 लाख रुपये से ज्यादा की कमाई हो सकती है।

रायपुर लोकसभा चुनाव में नामांकन दाखिल करने साथ प्रत्याशियों को जमानत राशि भी जमा कराई गई है। इसके लिए निर्वाचन आयोग की गाइड लाइन के अनुसार जाति वर्ग के अनुसार दो प्रकार की जमानत राशि जमा कराई है। इसमें अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग को छूट देते हुए 12 हजार 5 सौ रुपये तथा अन्य वर्ग के प्रत्याशी से 25-25 हजार रुपये जमानत राशि जमा कराई गई है। विधानसभा चुनाव में जमानत राशि 5 हजार और 10 रुपये थी।

## रायपुर लोकसभा सीट चुनाव वर्ष 2019 में 25 में 23 प्रत्याशी बचा नहीं पाए थे जमानत

### जमानत राशि बचाने कुल मतों का 1/6 प्रतिशत वोट पाना अनिवार्य

लोकसभा चुनाव हो या फिर विधानसभा या फिर पार्षद चुनाव। निर्वाचन आयोग की गाइड लाइन के अनुसार प्रत्याशी अपनी जमानत राशि तभी बचा पाएगा जब निर्वाचन क्षेत्र में पड़े कुल वोटों का 1/6 यानी लगभग 16.66 प्रतिशत वोट उसे मिले हो। इससे कम वोट मिलने पर प्रत्याशी की जमानत राशि जब्त हो जाती है।




### जीते और निर्धारित वोट पाने वाले को लौटाई जाएगी जमानत राशि

आयोग की गाइड लाइन के अनुसार चुनाव में जीते प्रत्याशी के अलावा हारे प्रत्याशियों में निर्धारित वोट हासिल करने वाले प्रत्याशियों को उनकी जमानत राशि वापस लौटाई जाती है। पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा से निर्वाचित हुए सुनील सोनी और हारे प्रत्याशी में कांग्रेस प्रत्याशी से प्रमोद दुबे को जमानत राशि वापस लौटाई गई थी।

## छत्तीसगढ़ की धान खरीदी और महतारी वंदन योजना की ओडिशा में भी धूम

# साय बोले- ओडिशा में भाजपा सरकार बनते ही किसानों से खरीदेंगे 3100 रुपए में धान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ओडिशा में जनसभा लेने पहुंचे छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने वहां के भाजपा के संकल्प पत्र पर खुशी जाहिर करते हुए कहा, छत्तीसगढ़ की तर्ज पर यहां भी किसानों को उनके धान की 3100 रुपए कीमत दी जाएगी। आज धान खरीदी के मामले में छत्तीसगढ़ उदाहरण बन कर सामने आया है। ओडिशा में डबल इंजन की सरकार बनने पर छत्तीसगढ़ की तरह यहां भी माताओं को महतारी वंद के जैसे सुभद्रा योजना से आर्थिक मदद की जाएगी।

श्री साय ने कहा, हम धान का कटोरा के नाम से प्रसिद्ध छत्तीसगढ़ से आते हैं, जहां अन्नदाता भगवान होता है और धान की बाली महतारी के माथे पर सोने जैसे दमकती है। इसीलिए किसान ही छत्तीसगढ़ के सब कुछ हैं, जिसके लिए हमारी भाजपा सरकार समर्पित है। वहां हमारी सरकार वादे के मुताबिक किसानों से 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल में धान खरीद रही है, साथ में अंतर की राशि भी एकमुश्त दे रहे हैं। जैसे ही 4 जून को यहां भाजपा की सरकार बनेगी तो यहां भी 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से धान की खरीदी होगी। श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में महतारी वंदन योजना के तहत हमारी सरकार सत्तर लाख से ज्यादा माता-बहनों को हर महीने के पहले सप्ताह में ही एक-एक हजार की राशि दे रही है। उसी तर्ज पर ओडिशा में भाजपा सरकार बनते ही सुभद्रा योजना के तहत माता-बहनों को 50 हजार का एकमुश्त वाउचर मिलेगा। उन्होंने कहा, नरेंद्र मोदी की गारंटी मतलब गारंटी के पूरा होने की गारंटी। इसलिए ओडिशा में डबल इंजन की सरकार बनाएं, क्योंकि भाजपा जो कहती है उसे करती है। हमारे छत्तीसगढ़ में यही हो रहा है।



### साय की तीन सभाएं

*सीएम साय ने सुंदरगढ़ के बालीसंकरा, बरगढ़ के बिजेपुर और बलांगीर के बीरमहाराजपुर में सभाएं करके भाजपा प्रत्याशियों के लिए वोट मांगे। उन्होंने कहा, यह लोकसभा चुनाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार देश की बागडोर सौंपने का चुनाव है। श्री साय ने कहा, हमारे छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता अटल बिहारी बाजपेयी ने आदिवासियों के हित के लिए अलग से आदिम जाति कल्याण मंत्रालय बनाया, जहां आदिवासी मंत्री पदभार संभालते हैं और बजट की कोई कमी नहीं होती है। आपके ओडिशा के बेटे जुएल ओरांव इस मंत्रालय के दो बार मंत्री बने। इसलिए हम कह सकते हैं कि आदिवासियों का हित भाजपा में ही संभव है।*

### सीएम साय बोले- नक्सल मामलों के लिए नई पुनर्वास नीति लाने पर किया जा रहा विचार

*प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पुनर्वास नीति पर कहा, हमारी पुनर्वास नीति के कारण नक्सली आत्मसर्पण भी कर रहे हैं। हम देख रहे हैं कि इस नीति में और नया बेहतर हो सकता है, साथ ही नई पुनर्वास नीति लाने पर विचार किया जा रहा है। नक्सलियों पर की जा रही कार्रवाई को लेकर कांग्रेस द्वारा सवाल खड़े किए जाने पर मुख्यमंत्री ने दुःखद बताया है। उनका कहना है, कांग्रेस को इन सब विषयों को राजनीति से ऊपर उठकर देखना चाहिए। पुलिस ग्राउंड हेलीपेड पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, पिछली बार जब 29 नक्सली मारे गए, तब कांग्रेस और विपक्ष के लोग इस घटना को नकली बता रहे थे, जबकि स्वयं नक्सलियों ने 29 लोगों की लिस्ट जारी की। ये बहुत ही दुःख की बात है। अब इन लोगों को क्या कहें, ये लोग तो सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक पर प्रश्न खड़ा करने वाले लोग हैं। उनसे मेरा यह आग्रह है कि इन सब विषयों को राजनीति से ऊपर उठकर देखें।*

# किसानों ने अब तक लिया हजार करोड़ का कर्ज, सोसाइटियों में खाद बीज का भंडारण और उठाव तेज

- किसानों को 7 हजार 300 करोड़ ऋण देने का लक्ष्य
- सोसाइटियों और बीज निगम में उपलब्ध हैं धान के बीज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में खरीफ सीजन की फसलों के लिए किसानों ने बिना ब्याज का ऋण देने की प्रक्रिया तेज है। अब तक राज्य में किसानों ने एक हजार करोड़ रुपयों का ऋण उठाया है। किसानों को नकद राशि के साथ खाद भी बतौर ऋण दिया जाना है। सहकारी क्षेत्र के लिए पौने तीन लाख मीट्रिक टन खाद का भंडारण किया गया है। किसानों ने अब तक 66 हजार मीट्रिक टन खाद उठाया है।

राज्य सरकार ने इस खरीफ सीजन में किसानों को 7 हजार 3 सौ करोड़ रुपए ऋण देने का लक्ष्य रखा है। किसानों को ऋण के रूप में नकद राशि और खाद दी जाती है। सहकारी क्षेत्र के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार किसान खरीफ फसलों की तैयारी में जुट गए हैं। 15 मई की स्थिति में किसानों ने एक हजार करोड़ रुपए का ऋण उठाया है। सहकारी सिस्टम से किसानों को देने के लिए पौने तीन लाख मीट्रिक टन खाद का भंडारण किया गया है। इसमें यूरिया, एपीके, एनपीके, सुपर फास्फेट और पोटास खाद शामिल है। इसी तरह सहकारी क्षेत्र के लिए बीज का भंडारण भी किया गया है। राज्य में खरीफ सीजन में अधिकांशतः धान की खेती की जाती है इसलिए सबसे अधिक भंडारण धान के बीज का किया गया है। 75 हजार क्विंटल धान के बीज साथ कोदो, कुटकी रागी के बीज भी सोसाइटियों में उपलब्ध कराए गए हैं।

### समितियों से खाद का वितरण प्रारंभ

कृषि विभाग से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश में 25 लाख से अधिक पंजीकृत किसान हैं। किसानों को खाद के वितरण के लिए 2058 सोसायटियां हैं। अभी यूरिया का जितना भंडारण हुआ है, उसका 18728 टन वितरण हो गया है। बोनी शुरू होते ही किसानों को खाद की समस्या से जूझना पड़ सकता है। वैसे अभी रैक आने पर जून से पहले यूरिया का पूरा भंडारण करवा का प्रयास किया जा रहा है। आने वाले समय में खाद का भंडारण लक्ष्य के अनुरूप करने का प्रयास हो रहा है।

### बीज निगम में भी 6 लाख टन धान के बीज

बीज निगम के अधिकारियों ने बताया कि खरीफ सीजन को देखते हुए खाद के साथ ही बीज का भंडारण भी किया जा रहा है। प्रदेश में कुल 6 लाख 88 हजार टन बीज की उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। लक्ष्य के मुकाबले 6 लाख 60 हजार बीज का भंडारण किया जा चुका है। सहकारी समितियों में 1 लाख 40 हजार टन बीज का भंडारण किया जा चुका है। यहां पर किसानों को बीज का वितरण शुरू किया जा चुका है।

# प्रदेश के मंत्री दिखा रहे अब ओडिशा में प्रचार में दम

## दोनों डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा के साथ बृजमोहन, टंकराम, चौधरी के साथ राजेश मूणत भी डटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के मंत्रियों, विधायकों एवं पदाधिकारियों ने गुरुवार को भी ओडिशा से अलग-अलग लोकसभा एवं विधानसभा क्षेत्र में प्रचार अभियान जारी रखा। मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव बरगढ़ एवं संभलपुर, वरिष्ठ मंत्री बृजमोहन अग्रवाल कांटाभांजी लोकसभा क्षेत्र, मुख्यमंत्री विजय शर्मा बरगढ़ एवं मयूरभंज, मंत्री ओपी चौधरी बरगढ़ एवं सुंदरगढ़, मंत्री टंकराम वर्मा सुंदरगढ़, पूर्व मंत्री राजेश मूणत भुवनेश्वर, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा संबलपुर साहित पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता प्रचार अभियान में जुटे हुए हैं।

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा, भारतीय जनता पार्टी से बेहतर विकल्प ओडिशा के लिए कोई और नहीं है क्योंकि जिस प्रकार पिछले 25 वर्षों से ओडिशा का शोषण किया गया है। उसके विदाई का ओशासा की जनता ने मन बना लिया है। ओडिशा की जनता इस चुनाव को भाजपा की डबल इंजन की सरकार बनाने के सुनहरे अवसर के रूप में देख रही है। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा, ओडिशा की तकदीर एवं तस्वीर बदलने के लिए भाजपा जरुरी है। क्योंकि नवीन पटनायक सरकार का रवैया ओडिशा के विकास के लिए निष्क्रिय है। पटनायक सरकार केवल सत्ता को अपना उद्देश्य मानती है सेवा को नहीं। भाजपा इस बार लोकसभा एवं विधानसभा चुनावों में प्रचंड विजय दर्ज करेगी।






### भाजपा को मिल रहा है भरपूर समर्थन : बृजमोहन अग्रवाल

वरिष्ठ मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, पटनायक सरकार ने पिछले ढाई दशकों से प्रदेश को भ्रष्टाचार का अड्डा बनाकर रखा है। पिछले 10 वर्षों में केंद्र की हर कल्याणकारी योजनाओं में अड़ंगा लगाकर ओडिशा को शोषित बनाकर रखा है। लेकिन अब ओडिशा की जनता ने प्रदेश की उन्नति के लिए भाजपा को जिताने का संकल्प कर लिया है और इसीलिए भाजपा को मजबूत समर्थन मिल रहा है। संबलपुर में एक चुनावी सभा में रायपुर उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा ने कहा, नवीन पटनायक ने ओडिशा में कुशासन का कीर्तिमान स्थापित किया है। केंद्र की योजनाओं पर बाधा अटकाने एवं मोदी सरकार की योजनाओं पर अपने नाम की लीपापोती करने के अलावा कोई काम नहीं किया है।

### मूणत बैठक में हुए शामिल

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा के निवास कार्यालय (पुरी) में आयोजित बैठक में विधायक राजेश मूणत शामिल हुए। उन्होंने कहा, पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं कि आमजनों के मन में हमारे प्रत्याशी जयंत कुमार सारंगी और संबित पात्रा के प्रति बेहद स्नेह है। जनता ने तय कर लिया है कि वह भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करके ओडिशा में डबल इंजन की सरकार बनाएंगे।

### नेताम झारखंड में

छत्तीसगढ़ के कृषि मंत्री तथा झारखंड के पूर्व सहप्रभारी रहे राम विचार नेताम इन दिनों झारखंड के प्रवास पर हैं। यहां उन्होंने राज्य के गिरीडीह लोकसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार एवं जनसंपर्क अभियान में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में वोट मांगे।

# मीसा बंदियों के लिए सम्मान निधि जारी सरकार ने दिए 35 करोड़ 42 लाख रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के मीसा बंदियों को सम्मान निधि देने के लिए राज्य सरकार ने राशि जारी कर दी है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में यह सम्मान निधि रोक दी गई थी। इसके बाद मामला कोर्ट में भी गया था। लोकनायक जयप्रकाश नारायण सम्मान निधि के भुगतान के लिए वित्तीय वर्ष 2019-20 से 2023-24 तक एरियर्स एवं चालू वित्तीय वर्ष 2024 में भुगतान के लिए जिला कलेक्टर्स को 35 करोड़ 42 लाख 68 हजार रुपए की राशि का आबंटन सौंपा गया है।

### सबसे अधिक राशि दुर्ग जिले को




*लोकनायक जयप्रकाश नारायण सम्मान निधि के भुगतान हेतु जिला कलेक्टर्स को जारी आबंटन में से जिला दुर्ग को 8 करोड़ 22 लाख 12 हजार, रायपुर को 6 करोड़ 65 लाख 26 हजार, राजनांदगांव को 73 लाख 78 हजार, बिलासपुर को 3 करोड़ 90 लाख 60 हजार, बस्तर को 35 लाख 65 हजार, सरगुजा को 1 करोड़ 39 लाख 50 हजार, जांजगीर-चांपा को 1 करोड़ 73 लाख 91 हजार, रायगढ़ को 92 लाख 7 हजार, जशपुर को 79 लाख 5 हजार, धमतरी को 2 करोड़ 74 लाख 66 हजार, महासमुंद को 65 लाख 10 हजार, बलौदाबाजार को 55 लाख 80 हजार, बेमेतरा को 27 लाख 90 हजार, बालोद को 44 लाख 2 हजार और मुंगेली जिले को 65 लाख 72 हजार रुपए की राशि आबंटित की गई है। इसी प्रकार जिला बलरामपुर को 15 लाख 50 हजार रूपए, दंतेवाड़ा को 7 लाख 13 हजार रूपए, कबीरधाम जिले को 38 लाख 75 हजार रूपए, कोरिया जिले को 44 लाख 95 हजार रुपए, कांकेर जिले को 29 लाख 45 हजार रुपए, कोरबा जिले को 51 लाख 15 हजार रुपए, सूरजपुर जिले को 35 लाख 65 हजार रुपए, गरियाबंद जिले को 18 लाख 60 हजार रुपए, बीजापुर जिले को 9 लाख 30 हजार रुपए, खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिले को 23 लाख 25 हजार रुपए, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी जिले को 46 लाख 50 हजार रुपए, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले को 62 लाख रुपए और जिला सक्ती को 1 करोड़ 55 लाख 31 हजार रुपए की राशि आबंटित की गई है।*

# विश्व बैंक परियोजना : जीआईएस बेस मैप सर्वे में कई निकाय पिछड़े, अब 31 तक पूरा करना होगा परियोजना का काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विश्व बैंक परियोजना के माध्यम से छत्तीसगढ़ के 46 नगरीय निकायों को संपत्ति सर्वे, संपत्ति का ड्रोन सर्वे, जीआईएस बेसमैप तैयार करने और हर घर में डिजिटल डोर नंबर लगाने का जो काम दिया गया था वह अब तक पूरा नहीं हो पाया है। राज्य शहरी विकास अभिकरण(सूडा) ने इस मामले को लेकर उन निकायों को रिमाइंडर जारी किया है जिनका काम लक्ष्य से पीछे चल रहा है। सूडा ने इस स्थिति को खेदजनक मानते हुए कहा है कि यह निकायों की उदासीनता का परिचायक है।

सूडा ने इस मामले में राज्य के कई निकायों को रिमाइंडर लेटर जारी किया है। इनमें नगर निगम धमतरी, नगर पालिका परिषद खैरागढ़, शिवपुर चरचा, आरंग, बालोद, बेमेतरा, जामुल, सरायपाली, सक्ती, दीपिका, डोंगरगढ़, नारायणपुर, दंतेवाड़ा, रतनपुर, भाटापारा,



जांजगीर-नैला, तिल्दा नेवरा, बलौदाबाजार, कांकेर, कोंड़ागांव, बड़े बचेली, बीजापुर, मुंगेली, चांपा और अकलतरा शामिल है।

### अब जारी हुआ ये निर्देश

सूडा ने संबंधित निकायों को निर्देशित किया है कि निकाय में कार्यरत एजेंसी द्वारा निकाय क्षेत्रांतर्गत वार्डवार किए गए डोर टू डोर सर्वे, डाटा के गुणवत्ता परीक्षण का काम दस दिन के अंदर पूरा करें। सूडा ने निकायों को एक डोर टू डोर संपत्ति सर्वे के अनुसार संपत्तियों की जानकारी देने एक प्रोफार्मा भी जारी किया है। निकायों से यह जानकारी देने कहा गया है। इसमें जीआईएस में कुल पार्सल संख्या, डोर टू डोर संपत्ति सर्वे की कुल संख्या के साथ जानकारी देनी है। इसमें संपत्ति के उपयोग, संपत्ति की संख्या, डोर लॉक्ड, नो रिस्पांस संपत्ति की संख्या की जानकारी देनी है। जिन संपत्तियों की जानकारी देनी है उनमें एग्रीकल्चर, एजुकेशनल, इमरजेंसी, शासकीय, औद्योगिक, मिश्रित, ओपन प्लाट, ओपन स्पेस, पार्क, पार्किंग, पब्लिक सर्विस, रिक्रियेशन, धार्मिक, आवासीय, निर्माणधीन, और वाटर बाडीज यानी तालाब, नहरों के बारे में जानकारी देना शामिल है।

### ये फायदा होगा

इस प्रणाली के माध्यम से विकास कार्यों के लिए जगह ढूंढना आसान होगा। जीआईएस मैपिंग में मास्टर प्लान, लैंड यूज आदि का समावेश किया जाएगा, जिससे कि शहर में ट्रैफिक की समस्या के समाधान के लिए कहां अंडर ब्रिज, ओवर ब्रिज या बाई पास रोड बनाई जानी है, स्टेडियम के लिए कौन सी जगह उपयुक्त होगी आदि का पता लगाना आसान होगा।

Health Town
डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD|मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक|
इनफर्टिलिटी | बच्चने दानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1,गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर Online परामर्श उपलब्ध दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.
मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट
समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना । प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक
जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.)
स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### स्कूल बसों का भौतिक निरीक्षण 20 को

**महासमुंद।** परिवहन विभाग द्वारा समस्त स्कूलों में संचालित बसों के भौतिक निरीक्षण के लिए 20 मई 2024 को शिविर का आयोजन किया गया है। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि पुलिस लाइन परसदा महासमुंद में सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक समस्त स्कूल बसों का भौतिक निरीक्षण किया जाएगा। उन्होंने शिविर में सभी स्कूल वाहन एवं वाहन चालक/परिचालक से संबंधित दस्तावेजों के साथ उपस्थित होने कहा है।



### भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के संयुक्त महानिदेशक का सिरपुर भ्रमण

**महासमुंद।** भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के संयुक्त महानिदेशक डॉ. प्रवीण मिश्रा बीते दो दिनों से सिरपुर क्षेत्र के दौरे पर रहे। दिल्ली से छत्तीसगढ़ पहुंचे मिश्रा को बुधवार और गुरुवार दौरा के दौरान सिरपुर को विश्व धरोहर की सूची में शामिल करने के नॉमिनेशन डोजियर के विषय में महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। यहां उन्होंने अब तक सिरपुर विकास प्राधिकरण (साडा) द्वारा कराए जा रहे पुरातत्विक, ऐतिहासिक, वास्तुकला, संस्कृति, मानव विकास, जैव विविधता और अन्य सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षणों की सराहना की। उन्होंने ड्रोन और फोटोग्रामीट्रिक व जीपीएस और अन्य तकनीकी सर्वेक्षणों को भी शीघ्र कराने की सलाह दी है। इस दौरान साडा के सीईओ राजेंद्र राव, शिवम दुबे, निष्ठा जोशी, शिवम त्रिवेदी, गौरव तारक और तरुण नाइ, शशि प्रताप, जीवन वर्मा और भारत पर्यटन बोर्ड से मयंक दुबे के साथ पुरातत्व सर्वेक्षण से अंशु शुक्ला उपस्थित रहे।

### पुरानी बात को लेकर युवक के साथ मारपीट

**महासमुंद।** पुरानी बात को लेकर एक युवक के साथ मारपीट की घटना हुई है। महासमुंद थाने में मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। प्रार्थी जितेंद्र यादव पिता जगदीश यादव निवासी वार्ड नं 26 क्लब पारा शिव मंदिर के पीछे महासमुंद ने पुलिस को बताया कि मैं वेद माता गायत्री गौशाला भलेसर में ड्राइवर हूं। 16 मई को मैं अपने दोस्त देवा विश्वकर्मा के घर रात करीब 8 बजे उससे मिलने के लिए गया था। वहां उसके घर के बाहर बैठकर देवा विश्वकर्मा से आपसी बात कर रहा था। तभी रात करीब 8.20 बजे देवा विश्वकर्मा का भतीजा डेविड उर्फ ठग्गु मेरे पास आया और पुराने झगड़े की बात को लेकर मेरे से विवाद करने लगा, तब मैंने डेविड उर्फ ठग्गु को विवाद करने से मना किया, इस पर वह गालियां देकर वहां पड़े धारदार वस्तु से मुझे मारने लगा। आरोपी डेविड उर्फ ठग्गु के मारने से मुझे दाहिने हाथ के उंगली में, चेहरे में तथा पीठ में चोटें आई है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 323, 506 के तहत कार्रवाई की है।

## चर्चा : विद्यालय निर्माण व मरम्मत कार्यों की हुई समीक्षा बैठक

# सभी लंबित निर्माण कार्यों को विशेष प्राथमिकता के साथ करने के निर्देश





**हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली**

- निर्माण एजेंसी द्वारा कार्यों को समय पर पूर्ण नहीं करने पर अधिकारियों ने जताई नाराजगी

शासन की महत्वपूर्ण योजना विद्यालय निर्माण एवं मरम्मत कार्य एवं शत-प्रतिशत बच्चों का जाति प्रमाण पत्र बनवाने के लिए समीक्षा बैठक अपर कलेक्टर रवि साहू, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ओंकारेश्वर सिंह, डीएमसी कमल नारायण चंद्राकर, जनपद सरायपाली सीईओ अमित हालदार, आरईएस एसडीओ विनोद कुमार श्रीवास, एपीसी डीएन जांगड़े एवं विकासखंड स्त्रोत केंद्र समन्वयक सतीश स्वरूप पटेल की उपस्थिति में हुई।

इसमें निर्माण कार्यों की समीक्षा के दौरान लंबित निर्माण कार्यों को विशेष प्राथमिकता के साथ जून के प्रथम सप्ताह तक पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया गया, जिससे नए शिक्षा सत्र के प्रारंभ से ही बच्चों को पूर्ण और सुरक्षित भवन तथा अन्य मूलभूत सुविधाएं प्राप्त हो सके।

निर्माण एजेंसी द्वारा निर्माण कार्यों को समय पर पूर्ण नहीं करने पर उच्च अधिकारियों द्वारा नाराजगी जाहिर कर समय सीमा में पूर्ण करने के लिए निर्देश दिए गए। इसी प्रकार जाति प्रमाण पत्र की समीक्षा संकुलवार की गई। जिसमें प्रत्येक संकुल के लक्ष्य के विरुद्ध उपलब्धि एवं शेष आवेदनों को पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया गया। लक्ष्य के विरुद्ध अत्यंत कम उपलब्धि प्राप्त संकुल एवं विद्यालयों को विशेष प्रयास करने के लिए निर्देशित किया गया। इस अवसर पर जाति प्रमाण पत्र के शत प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने वाले संकुल समन्वयक लिमगांव गिरधारी पटेल को सम्मानित किया गया।

समीक्षा बैठक में विकासखंड के समस्त संकुल समन्वयक, संबंधित प्राचार्य एवं प्रधान पाठक, इंजीनियर, ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव एवं निर्माण ठेकेदार एवं निर्माण एजेंसी उपस्थित रहे।

## लखनपुर में एक साथ 40 घरों में हुआ गायत्री महायज्ञ



**हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद**

अखिल विश्व गायत्री परिवार हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री शक्तिपीठ महासमुंद के निर्देशन में सेरकेल प्रज्ञा मंडल एवं झलप इकाई द्वारा लखनपुर में एक साथ 40 घरों में गायत्री महायज्ञ किया गया। घर में सुख शांति, समृद्धि एवं राष्ट्र को समृद्ध बनाने के लिए गृहे-गृहे यज्ञ पूरे देश में चलाया जा रहा है। इसी श्रृंखला में महासमुंद जिले में भी सभी विकासखंडों में कार्यक्रम चलाया जा रहा है। महासमुंद विकासखंड अंतर्गत लखनपुर में गायत्री प्रज्ञा मंडल सरेकेल द्वारा लखनपुर में 40 घरों में एक साथ यज्ञ किया गया। यज्ञ संचालन के लिए पटेवा, पचरी, चिरको, अछोला, महासमुंद एवं आसपास के परिजन उपस्थित हुए। जिसमें महासमुंद से ललित मेश्राम, परस चौहान, संतू लाल साहू, विश्राम साहू, भरत साहू, ओम प्रकाश, नरेश साहू, धनीराम साहू, भूखन, धनीराम, धनवंतरी सिन्हा, राधेश्याम चंद्राकर, महिला मंडल से पूर्णिमा साहू, राजकुमारी नागदेवे, प्रियंका नागदेवे, प्रेमलता साहू, नीलम साहू, पूर्णिमा, कनेश्वरी, निर्मला यादव, सरेकेल इकाई से करण बरिहा, विजय भारती, देवसिंग दीवान, परमानंद, सुकदेव साहू, ताम्रध्वज साहू, गाजीराम, बिसौहा साहू, तेजराम, जगदीश साहू, परमानंद एवं अन्य परिजनों का विशेष योगदान रहा। शाम के समय गायत्री प्रज्ञा पीठ अछोला की टीम द्वारा दीप यज्ञ का संचालन किया गया। यह जानकारी जिला युवा प्रमुख भारत साहू ने दी।



### स्वयंसेवकों को प्रदान किया गया बी सर्टिफिकेट

**महासमुंद।** शासकीय नवीन महाविद्यालय चिरको में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना अंतर्गत 240 घंटे की नियमित कार्य गतिविधि पूर्ण करने उपरान्त 31 स्वयंसेवक/स्वयंसेविकाओं को पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय से प्रदत्त बी प्रमाण पत्र प्रभारी प्राचार्य ह्यूमा लिली दीवान द्वारा प्रदान किया। एचएल दीवान ने सभी स्वयंसेवकों को प्रमाण पत्र की उपादेयता के बारे में बताया। वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक एमएस वर्मा ने स्वयंसेवकों को महाविद्यालय एवं राष्ट्र के विकास के लिए सदैव तत्पर रहने का आव्हान किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी मनहरण ठाकुर, तरूण कुमार ध्रुव, लता भोई, कार्यालय प्रमुख फलेश्वर दीवान, ऋषि वर्मा, सविता पटेल एवं रासेयो स्वयंसेवक/स्वयंसेविकाएं उपस्थित रहे।

## जाति प्रमाण पत्र का शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल, किया सम्मानित

**हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद**



शासन की महत्वपूर्ण योजना विद्यालय निर्माण एवं मरम्मत कार्य एवं शत-प्रतिशत बच्चों का जाति प्रमाण पत्र बनवाने के लिए बैठक हुई। निर्माण कार्यों की समीक्षा के दौरान लंबित निर्माण कार्यों को विशेष प्राथमिकता के साथ जून के प्रथम सप्ताह तक पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया गया, जिससे नए शिक्षा सत्र के प्रारंभ से ही बच्चों को पूर्ण और सुरक्षित भवन तथा अन्य मूलभूत सुविधाएं प्राप्त हो सके। निर्माण एजेंसी द्वारा निर्माण कार्यों को समय पर पूर्ण नहीं करने पर उच्च अधिकारियों द्वारा नाराजगी जाहिर कर समय सीमा में पूर्ण करने के लिए निर्देश दिए गए। इसी प्रकार जाति प्रमाण पत्र की समीक्षा संकुलवार की गई। जिसमें प्रत्येक संकुल के लक्ष्य के विरुद्ध उपलब्धि एवं शेष आवेदनों को पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया गया। लक्ष्य के विरुद्ध अत्यंत कम उपलब्धि प्राप्त संकुल एवं विद्यालयों को विशेष प्रयास करने के लिए निर्देशित किया गया। इस अवसर पर जाति प्रमाण पत्र के शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने वाले विद्यालय उच्च प्राथमिक शाला मालीडीह एवं उच्च प्राथमिक शाला बृजराज को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस समीक्षा बैठक में विकासखंड के समस्त संकुल समन्वयक संबंधित प्राचार्य एवं प्रधान पाठक, इंजीनियर, ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव एवं निर्माण ठेकेदार एवं निर्माण एजेंसी उपस्थित रहे। बैठक में अपर कलेक्टर रवि साहू, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व उमेश साहू, डीएमसी कमल नारायण चंद्राकर, जनपद महासमुंद सीईओ बीएस मरावी, आरईएस एसडीओ आशीष कुलदीप, एपीसी डीएन जांगड़े, विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिन्हा एवं विकासखंड स्त्रोत केंद्र समन्वयक जागेश्वर सिन्हा मौजूद रहे।

# पूर्व विधायक के प्रयास से समोदा-अछोला जल प्रदाय योजना ले रहा है मूर्त रूप

**हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद**

- पूर्व संसदीय सचिव विनोद सेवनलाल चंद्राकर के कार्यकाल में मिली थी स्वीकृति
- क्षेत्र के ग्रामीणों ने पूर्व विधायक को दिया साधुवाद

पूर्व संसदीय सचिव विनोद सेवनलाल चंद्राकर के कार्यकाल में क्षेत्र के बड़े विकास कार्यों की आधारशिला रखी गई थी। जिसमें से प्रमुख विकास कार्यों में समोदा–अछोला जल प्रदाय योजना भी शामिल था। चंद्राकर ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के समक्ष क्षेत्र की इस प्रमुख समस्या को रखा। जिनके प्रयासों से इस वृहद परियोजना की स्वीकृति पूर्ववर्ती कांग्रेस शासनकाल में मिली थी। स्वीकृति के बाद 9 अक्टूबर 2023 को पूर्व संसदीय सचिव विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने क्षेत्र के ग्रामीणों की उपस्थिति में ग्राम अछोला में समोदा-अछोला जल प्रदाय योजना का शुभारंभ किया। जिसका 50 प्रतिशत कार्य अब तक पूर्ण हो चुका है। उक्त योजना के तहत 48 गांवों तक शुद्ध जल पहुंचेगी। उक्त कार्य से क्षेत्र के ग्रामीणों में खुशी की लहर है।



ग्रामीणों ने कहा कि क्षेत्र की प्रमुख समस्या जल संकट का समाधान पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर के प्रयासों से हुआ है। उनके कार्यकाल में स्वीकृत इस परियोजना के तहत शीघ्र ही हमारे क्षेत्र के 48 ग्रामों को शुद्ध पेयजल मिलेगा। इसके लिए ग्रामीणों ने चंद्राकर का धन्यवाद ज्ञापित किया है।

ज्ञात हो इस योजना के तहत क्षेत्र के जिन 48 ग्रामों को पानी दिया जाना है, उनमें अछोला, अमलोर, जलकी, छपोराडीह, अछरीडीह, परसाडीह, लहंगर, गढ़सिवनी, अचानकपुर, पासीद, सुकुलबाय, बनपचरी, बांसकुड़ा, घोड़ारी, तेंदूवाही, बंदोरा, अछोली, भोरिंग, सिरपुर, बिरकोनी, रायमुड़ा, पिरदा, बड़गांव, बेलटुकरी, कुहरी, बोरिद, कर्राडीह, कुकराडीह, मालीडीह, जोबा, फुसेराडीह, पीढ़ी, खट्टीडीह, तेंदुवाही, मरौद, बिरबिरा, गुडरूडीह, सेनकपाट, खिरसाली, केडियाडीह, खमतराई, मोहकम, अमावश, चुहरी, रायकेरा, नांदबारू, केसलडीह, खड़सा आदि गांव शामिल हैं।

### लो-वोल्टेज की समस्या से मिलेगी निजात

इसी तरह चंद्राकर के कार्यकाल में स्वीकृत मचेवा व ग्राम शेर में विद्युत सब स्टेशनों का कार्य पूर्ण हो गया है। मचेवा के 33/11 केवी विद्युत सब स्टेशन से सप्लाई शुरू हो चुकी है। मचेवा सब स्टेशन से मचेवा, बम्हनी, परसकोल, भुरका, परसट्ठी, लाफिनखुर्द, लाफिनकला सहित 12-15 ग्रामों को बिजली आपूर्ति की जा रही है। इससे क्षेत्र के ग्रामीणों को लो वोल्टेज की समस्या से मुक्ति मिली है। वहीं, शेर स्थित सब स्टेशन से टेस्टिंग के बाद सप्लाई शुरू की जाएगी। यहां से शेर, मोगरा, कनेकेरा, भलेसर, धनसुली, साल्हेभाठा सहित दर्जनभर से अधिक गांवों को बिजली की आपूर्ति की जाएगी। इससे क्षेत्र के किसान रबी सीजन में भी फसल ले सकेंगे। उक्त सौगात से हर्षित ग्रामीणों मोती साहू मोंगरा, परमानंद साहू मोरधा, संतोष ध्रुव शेर, मन्नू साहू शेर, जितेंद्र चंद्राकर कनेकेरा, रुमाल ध्रुव कनेकेरा, देवचरण नारंग मुरकी, दिनेश दुबे धनसूली, मेहरू मंडले, आनंद दीवान शेर, ललित दीवान कनेकेरा, सुकल दीवान मोरधा, सोमनाथ चंद्राकर मोरधा आदि ने पूर्व संसदीय सचिव विनोद सेवनलाल चंद्राकर का आभार व्यक्त किया है।

## आत्मानंद स्कूल तुमगांव के दसवीं-बारहवीं में अव्वल रहे विद्यार्थियों का हुआ सम्मान



**हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद**

विद्यालय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तुमगांव में अव्वल विद्यार्थियों के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें दोनों माध्यमों के कक्षा 10वीं एवं 12वीं के उत्कृष्ठ विद्यार्थियों का गुलदस्ता एवं उपहार के साथ सम्मान किया गया। अंग्रेजी माध्यम के कक्षा दसवीं के छात्रों में प्रथम स्थान भूमि साहू 93.33 प्रतिशत, द्वितीय साक्षी साहू 83 एवं तृतीय खिलेश ध्रुव 82.83 प्रतिशत से उत्तीर्ण हुए। कक्षा बारहवीं में कामिनी कोसले 69.4 से उत्तीर्ण हुई। इसी प्रकार हिंदी माध्यम से कक्षा 10वीं में प्रथम द्रोणाचार्य साहू 77.8, द्वितीय नीतू साहू 77.6 एवं तृतीय भूमिका साहू 75.1 से उत्तीर्ण हुई।

कक्षा 12वीं में प्रथम यमन कुमार 77, द्वितीय मुकेश कुमार निर्मलकर 75.4 एवं तृतीय धनेश्वरी 74.2 प्रतिशत से उत्तीर्ण हुई। विद्यालय के समस्त शिक्षक इन सभी उत्कृष्ट छात्रों के प्राप्त अंकों से खुद को गौरवान्वित महसूस करते हैं। संस्था के प्रमुख एल कुरील ने छात्रों के भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आगे के अध्यापन के लिए प्रेरित किया। अंग्रेजी माध्यम के प्रभारी सिद्धांत गायगौरे ने छात्रों के इस प्रदर्शन में अपनी खुशी जाहिर की। छात्रों एवं उनके अभिभावकों ने भी अपना अनुभव साझा किए। इस अवसर पर संस्था के प्रमुख प्राचार्य कुरील, दोनों माध्यमों के सभी शिक्षक, रेवती रमण तारक, पवन डडसेना, सिद्धांत गायगौरे, सुरेश यादव, सागर झा, सजल चंद्राकर, तरुण सिन्हा, लक्ष्मी नारायण साहू, डोलेश होता, मधुरिमा शर्मा, भारती भार्गव, मोनिका यादव, चेतना फेकर आदि मौजूद रहे।

# जिनकी पुत्री नहीं है वे किसी निर्धन कन्या को पुत्री मानकर करें कन्यादानः आचार्य नरेंद्र

## भरत लीला मेंशन में कथा के पांचवे दिन श्रीकृष्णा लीला का वर्णन, कथा श्रवण करने पहुंच रहे श्रद्धालुजन

**हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद**





स्थानीय कलेक्टोरेट रोड स्थित भरतलीला मेंशन में लीलादेवी चंद्राकर, सुष्मिता-आलोक चंद्राकर परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत कथा के पांचवे दिन श्रीकृष्ण लीला एवं गोवर्धन पूजा उत्सव का आयोजन किया गया। कथा व्याख्या के पूर्व आचार्य नरेंद्र नयन शास्त्री (चाय वाले बाबा) सिलयारी धाम ने मानव जीवन के चार अवस्थाओं के बारे में बताया। आचार्य शास्त्री ने कहा कि मनुष्य को अपने आयु के अनुसार व्यवहार में परिवर्तन ले आना चाहिए। उन्होंने दानशीलता में सबसे बड़ा दान कन्या दान को बताया। शास्त्री ने कहा कि आज मनुष्य धन के मोह में जकड़ा हुआ है। हर कोई संतान के रूप में केवल पुत्र ही चाहता है। पुत्र के विवाह में दहेज की कामना करता है। उन्होंने कहा कि बहू के रूप में आपको एक पिता ने अपनी पुत्री को सौंप दिया, जो आपके कुल आपके वंश को आगे बढ़ाती। आपके कुल की यश और कीर्ति को बढ़ाती है, इससे बड़ा दहेज और क्या हो सकता है। आप उस पिता के ऋण से कैसे मुक्त होंगे जिसने आपको अपनी बेटी का दान किया। इसलिए यदि आपकी कोई पुत्री नहीं है तो किसी निर्धन कन्या का विवाह कराकर कन्यादान कर दीजिए। इससे बड़ा दान व पुण्य कर्म और कुछ भी नहीं है।

शास्त्री ने बताया कि उन्होंने स्वयं अब तक 323 बेटियों का विवाह कराकर उनका कन्यादान किया है। भागवत कथा में चढ़ावे व दक्षिणा को वे कथा स्थल पर ही निर्धन बेटियों को दान कर देते हैं। इसके अलावा उन्होंने 17 बेटियों को इंजीनियरिंग की शिक्षा के लिए आर्थिक सहयोग किया है। जिसमें से 11 बेटी आज शासकीय नौकरी कर परिवार की मदद कर रही हैं।

आचार्य नरेंद्र नयन ने भगवान श्रीकृष्ण के बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए कहा कि जिन पर भगवान कृष्ण की कृपा होती है, उन्हें ही भागवत कथा सुनने का सौभाग्य मिलता है। आज महासमुंद की पुण्य भूमि पर आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का लाभ केवल चंद्राकर परिवार को ही नहीं अपितु, यहां कथा सुनने पहुंच रहे समस्त भक्तों मिल रहा है। चंद्राकर परिवार के पुण्य कर्मों का लाभ भरतलीला मेंशन में उपस्थित समस्त श्रोताओं को मिल रहा है। पंचम दिवस कथा श्रवण हेतु सैकड़ों भक्त उपस्थित थे। भक्तिपूर्ण भजनों में माताएं, बहनें, बुजुर्ग, युवा सभी झूमते नजर आए।

